Rajasthan Grade III Teacher Recruitment application Process start form July 11

प्रारंभिक शिक्षा विभाग की ओर से 15 हजार शिक्षक भर्ती के पद के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी गई हैं। जिससे बेरोजगार अभ्यर्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई हैं।

जयपुर
प्रारंभिक शिक्षा विभाग की ओर से 15 हजार शिक्षक भर्ती के पद के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी गई हैं। जिससे बेरोजगार अभ्यर्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई हैं। निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान की ओर से प्रथम लेवल और द्वितीय लेवल के लिए 7500-7500 पदों पर भर्ती की विज्ञप्ति जारी की गई है जिसमें रीट परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रकिया 11 जुलाई से शुरू होगी।

ऐसे समझें जिला वार भर्ती का गणित
गैर अनुसूचित क्षेत्र में प्रथम लेवल के नॉन टीएसपी के 6239 और टीएएसपी के 60 पद हैं। तो सैकंड लेवल में नॉन टीएएसपी में हिंदी विषय के 100 पद केवल बाड़मेर में, अंग्रेजी विषय के सबसे ज्यादा पद 4940 और विज्ञान गणित के विषय के 927 पद हैं।

प्रथम लेवल पद

जिला-----------सामान्य---------विशेष शिक्षक

अजमेर----------250-----------7

अलवर----------350-----------9

बारां-----------100-----------0

बाड़मेर---------970----------0

भरतपुर--------250----------0

भीलवाड़ा-------350----------0

बीकानेर--------300----------0

बूंदी-----------100-----------3

चितौडगढ़------200----------0

चुरू-----------200-----------0

दौसा----------100-----------0

धौलपुर--------200----------7

गंगानगर------250----------0

हनुमानगढ़-----200---------0

जयपुर---------200---------0

जैसलमेर-------250---------0

जालौर---------300---------0

झालावाड़-------200---------0

जोधपुर---------300---------0

करौली----------0-----------0

कोटा-----------0-----------2

नागौर----------200--------0

पाली-----------150---------6

प्रतापगढ़-------60----------0

राजसमंद-------200--------10

सवाईमाधोपुर---0-----------0

सीकर----------0-----------0

सिरोही---------136---------0

टोंक-----------100---------0

उदयपुर--------319---------16

सैकंड लेवल पद

सैकंड लेवल में सामाजिक विज्ञान विषय के लिए एक भी पद नहीं हैं। साथ ही हिंदी विषय के 100 पद भी सिर्फ बाड़मेर जिलें में ही हैं। इसके अलावा विज्ञान व गणित विषय के बाड़मेर में 350 पद, झालावाड़ में 350 पद और उदयपुर में 227 पद हैं। ऐसे ही विशेष शिक्षकों के 78 और अंग्रेजी विषय के सिरोही और धौलपुर को छोड़कर सभी जिलों में 4940 पद हैं। ऐसे ही अनूसुचित क्षेत्र में प्रथम लेवल के 1185 पद टीएसपी के, 16 पद नॉन टीएएसपी और सैकंड लेवल में अंग्रेजी विषय के 660 पद और विज्ञान गणित विषय के 785 पद और विशेष शिक्षक के 10 पदों पर भर्ती होनी हैं।